भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1100 #
गुरूवार, 13 फरवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा

1100 # श्री राजेन्द्र गहलोत:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान राज्य सरकार द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्तमान में राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कोई विशिष्ट परियोजना योजना चलाई जा रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में विकसित किए गए पर्यटन स्थलों की जिला-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से राजस्थान सहित विविध पर्यटन स्थलों और अनुभवों का संवर्धन करता है। कार्यक्रमों के आयोजन और उनमें भागीदारी, मेलों और त्योहारों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करने और वेबसाइट और सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाता है।

मंत्रालय विभिन्न योजनाओं के तहत पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

मंत्रालय द्वारा अपनी पर्यटन अवसंरचना विकास योजनाओं के तहत राजस्थान राज्य में पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं और धनराशि का विवरण **अनुबंध** में है।

*****

अनुबंध

श्री राजेन्द्र गहलोत द्वारा राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1100 # के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

राजस्थान राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत विकास हेतु स्वीकृत परियोजना:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृत लागत**
2024-25	बूंदी	आध्यात्मिक अनुभव, केशवरायपाटन	17.37

राजस्थान राज्य में एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	**परियोजना का नाम**	**राशि**
2024-25	जयपुर में आमेर-नाहरगढ़ और आसपास के क्षेत्र का विकास	49.31
	जल महल, जयपुर में विकास	96.61

राजस्थान राज्य में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	**परियोजना का नाम**	**एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**
2022-23	श्री तनोट कॉम्प्लेक्स, जैसलमेर सेक्टर में सीमा पर्यटन का विकास	सीमा सुरक्षा बल	1767.66	883.83
2023-24	नवलसागर झील, बूंदी में म्यूजिकल फाउंटेन एवं वाटर स्क्रीन मल्टीमीडिया आधारित प्रोजेक्शन शो की स्थापना	आईटीडीसी	925.67	92.57

*****